यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

जागरण संवाददाता, जींद : राजकीय पीजी कालेज में शनिवार को रोड सेफ्टी पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। वर्कशॉप का आयोजन ट्रैफिक इंटरप्रिटेशन सेंटर द्वारा किया गया। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर सिविल अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम में खास तौर पर रेडक्रास सचिव राजकपूर सूरा और यातायात पुलिस में एएसआइ नरेश हांडा रहे।

राजकीय पीजी कालेज में शनिवार को रोड सेफ्टी पर वर्कशॉप में भाग लेते अधिकारी और छात्र। • फाइल फोटो जागरण

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने उपस्थित प्रतिभागियों को फर्स्ट एड के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोगों को कोरोना महामारी को गंभीरता से लेना चाहिए। पिछले कई महीने से कोरोना कंट्रोल में था, लेकिन अब लोगों की लापरवाही के कारण कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को कोरोना के लिए जारी गाइडलाइन की पालना करनी चाहिए। मास्क का प्रयोग नियमित तौर पर करना चाहिए। सचिव राजकपूर सूरा ने फर्स्ट एड ट्रेनिंग और रक्तदान के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। जिससे किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि नए रक्त का संचार होता है। इस कार्यक्रम को 15 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जयंती घोष के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने भी भाग लिया। यातायात नियमों की पालना जरूरी है।

इस मौके पर एनसीसी अधिकारी प्रो. पंकज बतरा, प्रोफेसर रामनिवास ने भी अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी पूनम, पंकज बत्तरा, तनशा हुड्डा, सुभाष ढुम्मल, शिव कुमार, पूनम देवी मौजूद रहे।

GOVT. P.G. COLLEGE
LEAD KINDLY LIGHT
JIND (HRY.)

वाहन चलाते समय सिग्नल का रखें ध्यान : सूरा

जींद। राजकीय पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डॉ. राजेश भोला ने शिरकत की। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर रेडक्रॉस सचिव राजकपूर सूरा और यातायात थाना प्रभारी नरेश ढांडा ने शिरकत की। नरेश ढांडा ने कहा कि वाहन चलाते समय सिग्नल का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इससे दुर्घटना से बचा जा सकता है। वहीं डिप्टी एमएस डॉ. राजेश भोला ने विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार के बारे में प्रशिक्षण दिया। सचिव राजकपूर सूरा ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि नए रक्त का संचार होता है। उन्होंने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि वह 43 से ज्यादा बार रक्तदान कर चुके हैं। संवाद

कोरोना महामारी को गंभीरता से लें लोग : डॉ. भोला

जगत क्रान्ति ⏭ जींद

राजकीय पीजी कालेज जींद में उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित रोड सेफ्टी पर जागरूकता वर्कशाप का शनिवार को समापन हुआ। जागरूकता वर्कशाप का आयोजन ट्रैफिक इंटरप्रटेशन सैंटर द्वारा किया गया। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर सिविल अस्पताल के डिप्टी एमएस डॉ. राजेश भोला ने शिरकत कीए जबकि कार्यक्रम में खास तौर पर रैडक्रास सचिव राजकपूर सूरा और यातायात पुलिस में एसएस नरेश ढांडा रहे। डिप्टी एमएस डॉण् राजेश भोला ने उपस्थित प्रतिभागियों को फर्स्ट एड की ट्रेनिंग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किस प्रकार से घायल व्यक्ति को उपचार दिया जा सकता है और किस प्रकार से अस्पताल तक पहुंचाया जाता है।

सरकार की तरफ से टोल फ्री नंबर 108 डायल करके एम्बुलैंस की सहायता ली जा सकती है। उन्होंने कोविड.19 से बचाव के बारे में प्रतिभागियों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लोगों को कोरोना महामारी को गंभीरता से लेना चाहिए। पिछले कई महीने से कोरोना कंट्रोल में थाए लेकिन अब लोगों की लापरवाही के कारण कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को कोरोना के लिए जारी गाइडलाइन की पालना करनी चाहिए। मास्क का प्रयोग नियमित तौर पर करना चाहिए। हाथों को लगातार सैनेटाइज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से इंडियन वैक्सीन लांच की गई है। यह तीसरे चरण में पहुंच गई है। यह वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है। हर व्यक्ति को यह वैक्सीन लगवानी चाहिए।

P.G. COLLEGE

2 दिवसीय रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यशाला शुरू

जींद, 19 मार्च (ललित): राजकीय पी.जी. कॉलेज में उच्चतर शिक्षा निदेशालय के सौजन्य से ट्रैफिक इंटरप्रिटेशन सैंटर और रोड सेफ्टी क्लब द्वारा 2 दिवसीय रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

कॉलेज की प्राचार्या शीला दहिया ने कहा कि इन दिनों सड़क सुरक्षा जीवन का अहम अंग बन चुका है। इस बारे जरूरी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस के एस.आई. नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों की पालना कर हादसों को कम किया जा सकता है इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को चाहिए कि वह यातायात नियमों का पालन करे। दोपहिया वाहन चलाते समय हैल्मेट का प्रयोग जरूर करे। वाहन के कागजात अपने पास रखे। कार्यक्रम में रैडक्रॉस के सहायक सचिव सुरेंद्र श्योराण ने रक्तदान, अंगदान और प्राथमिक चिकित्सा बारे बताया। तीसरे सत्र में कैथल में ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट के प्रबंधक राजबीर सिंह ने व्यावहारिक तरीके से वाहन चलाने बारे जानकारी दी। चौथे चरण में एन.सी.सी. अधिकारी कैप्टन अजमेर ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों बारे जागरूक किया। कार्यक्रम में 5वें सत्र में अनुपम भाटिया ने युवाओं को सामाजिक जागरूकता एवं दायित्वों बारे बताया। इस मौके पर प्रो. सुभाष दुग्गल, प्रो. शिव कुमार, प्रो. पंकज बत्तरा, प्रो. रामनिवास, प्रो. पूनम चहल, प्रो. शर्मिला आदि ने विशेष सहयोग दिया।

CENTRE
GOVT COLLEGE JIND
GOVT COLLEGE JIND
Workshop on
"Road Safety Awareness"
Date : 19-20 March, 2021
Organized by